भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3607 का उत्तर

कोहरा-रोधी उपकरण

3607. श्री नितेश गंगा देब:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के उत्तरी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कोहरे वाले मार्गों से गुजरने वाली रेलगाड़ियों में कोहरा रोधी उपकरण संस्थापित किया है;

(ख) यदि हां, तो आज की तिथि तक उक्त उपकरण संस्थापित रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस उपकरण को अत्यधिक बारिश, हवा आदि जैसी जलवायु परिस्थितियों में चलने वाली अन्य रेलगाड़ियों में संस्थापित करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) जी हां।

(ख) कोहरा प्रभावित क्षेत्रों में लोको पायलटों को जीपीएस आधारित पोर्टेबल हैंड-हेल्ड फॉग पास डिवाइस प्रदान की जा रही है जो जिओ-फेंस सीमा के भीतर लैंडमार्कों जैसे सिगनल, समपार

S.K

फाटक आदि जैसे स्थलों के समीप आते ही ऑडियो विज़ुअल सिग्नल भेजती है। 01-03-2021 तक भारतीय रेल में 12,742 फॉग पास डिवाइस मुहैया कराई गई हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

****